# लखनऊ में होगा रोजगार मेला महाकुम्भ

**पहल**

- झांसी के अभ्यर्थी भी लेंगे हिस्सा, कुम्भ में 100 से ज्यादा मल्टी नेशनल कंपनी होगी शामिल, प्रदेश सरकार कर रही आयोजन
- सेवायोजन विभाग ने शिक्षण संस्थाओं को पत्र भेजकर अभ्यर्थियों को किया लखनऊ में आयोजित महाकुम्भ में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित

**झांसी, संवाददाता।** देश विदेश की 100 से अधिक मल्टी नेशनल कंपनी मेला में आएंगी, यहाँ रोजगार के तमाम अवसर मिलेंगे जिसके लिए सेवा योजना विभाग भी पत्राचार कर रहा है। प्रदेश सरकार प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 26, 27 और 28 अगस्त को तीन दिनों का रोजगार मेला महाकुम्भ आयोजित करने जा रही है, जिसमें प्रदेश के सभी हिस्सों के साथ ही झांसी के अभ्यर्थियों की भी हिस्सेदारी रहेगी।

सेवायोजन कार्यालय के अफसरों ने झांसी के सभी शिक्षण और तकनीकी शिक्षण संस्थाओं को पत्र भेजकर अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को रोजगार महाकुम्भ में हिस्सेदारी निभाने के लिए प्रेरित किया है। राजधानी लखनऊ में रोजगार महाकुम्भ में 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त कराने के उद्देश्य से श्रम व सेवायोजन विभाग द्वारा आगामी 26, 27 व 28 अगस्त को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में रोजगार मेला महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में संयुक्त अरब अमीरात, जापान और जर्मनी जैसे देशों में 15 हजार से अधिक रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। आईटी, विनिर्माण, सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलू नौकरियां हासिल होंगी। महाकुम्भ में एआई प्रशिक्षण मंडप, रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण होंगे। मुख्यमंत्री युवा स्टॉल पर राज्य के स्टार्टअप अपने नवाचार प्रस्तुत करेंगे।

**50**
हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देने का उद्देश्य

## 100 से ज्यादा मल्टी नेशनल कंपनी आएंगी कुंभ में

झांसी के सहायक निदेशक सेवायोजन वसीम मोहम्मद ने बताया कि रोजगार मेला महाकुम्भ में 100 से अधिक देश-विदेश की मल्टी नेशनल कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। इस रोजगार मेला महाकुम्भ में प्रतिभाग करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।